हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 34 .2 डिग्री
न्यूनतम 16 .4 डिग्री

13 महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने हासिल की शोध ...



14 माताओं ने निर्जला व्रत रखा बच्चों की मंगलकामना ..



**कार्रवाई से हड़कंप : सुशील पर दर्ज भ्रष्टाचार के केस से सम्बंधित मामले की जांच शुरू**

# चंडीगढ़ से एसआईटी पहुंची रोहतक, एडीजीपी के गनमैन से सुनारियां जेल में 4 घंटे पूछताछ की

*एसआईटी के अधिकारियों ने सुनारियां जेल में बंद गनमैन सुशील कुमार से पूछताछ की। कब आईजी वाई पूरन कुमार के साथ रहना शुरू किया और कहां-कहां तैनात रहे जानकारी जुटाई।*

**एडीजीपी वाई पूरन कुमार ने कर लिया था चंडीगढ़ में सुसाइड**

***एसआईटी ने रोहतक पुलिस से एफआईआर का रिकार्ड लिया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

चंडीगढ़ पुलिस की एसआईटी के अधिकारियों ने एडीजीपी वाई पूरन कुमार के गनमैन सुशील पर दर्ज भ्रष्टाचार के केस से सम्बंधित मामले की जांच शुरू कर दी है। टीम ने सोमवार को रोहतक में दस्तक दी। यहां सुनारियां जेल में बंद गनमैन सुशील कुमार से करीब 4 घंटे तक पूछताछ की गई। पूछताछ में जानकारी जुटाई गई कि उसने कब आईजी वाई पूरन कुमार के साथ रहना शुरू किया था और कहां कहां तैनात था। उससे पूछा गया कि भ्रष्टाचार के मामले में उसका क्या कहना है। उससे रोहतक पुलिस में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों को लेकर भी पूछताछ की गई। इसके अलावा टीम ने रिकार्ड जुटाना और वापस रवाना हो गई। पुलिस सूत्रों का कहना है कि महिला डीएसपी एक एसआई और स्टाफ के साथ रोहतक पहुंची। उन्होंने पुलिस विभाग में कार्यरत कई लोगों से पूछताछ की। उन्होंन भ्रष्टाचार के केस में सुनारियां जेल में न्यायिक हिरासत में बंद वाई पूरन कुमार के गनमैन सुशील से कई घंटे पूछताछ की।

### एफआईआर की सच्चाई जानने के लिए प्रयास

उस पर दर्ज एफआईआर की सच्चाई जानने के लिए प्रयास किए गए। सूत्रों का कहना है कि सुशील ने भी पूछताछ में काफी जानकारी एसआईटी को मुहैया करवाई है। इसके अलावा टीम ने एफआईआर का रिकार्ड भी लिया है। सूत्रों का कहना है कि एसआईटी ने रोहतक के कई पुलिस अधिकारियों को भी चंडीगढ़ में बयान दर्ज करवाने के लिए बुलाया हुआ है। टीम एफआईआर करवाने वाले शिकायतकर्ता से भी पूछताछ कर सकती है।




रोहतक। प्रदर्शन करते बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### एफआईआर से आईपीएस की मौत का कनेक्शन

6 अक्टूबर को रोहतक के अर्बन एस्टेट थाने में एसएचओ नीरज कुमार ने आईपीएस वाई पूरन कुमार के गनमैन सुशील कुमार पर केस दर्ज किया गया। सुशील यमुनानगर का रहने वाला है। रोहतक के एक शराब कारोबारी ने आरोप लगाया कि आईपीएस वाई पूरन कुमार के गनमैन सुशील ने उससे रिश्वत मांगी। इससे जुड़ी ऑडियो क्लिप कारोबारी ने रोहतक पुलिस को सौंपी है। रोहतक के तत्कालीन एस.पी. नरेंद्र बिजारणिया ने कहा था कि पूछताछ में गनमैन सुशील ने आईपीएस पूरन कुमार के नाम पर रिश्वत लेने की बात कही है। रोहतक पुलिस ने सुशील को 7 अक्टूबर को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। हालांकि इस केस में 7 अक्टूबर तक आईपीएस पूरन कुमार को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था। 7 अक्टूबर को ही एडीजीपी ने चंडीगढ़ में अपने घर में खुद को गोली मार ली थी। उनकी मौत के बाद से ही विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा।

### एक दिवसीय सामूहिक अवकाश एवं शोक सभा

हरियाणा राजस्व अधिकारी संघ ने एडीजीपी वाई पूरन कुमार के निधन पर शोक जताया है। साथ ही सामूहिक अभिव्यक्ति के प्रतीक के रूप में एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहे। संघ ने अवनीत पी कुमार और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। शोक सभा में तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**आईपीएस आत्महत्या मामले में न्याय दिलाने की मांग**

## बसपा ने प्रदर्शन कर डीडीपीओ राजपाल चहल को ज्ञापन सौंपा

**रोहतक।** रोहतक में बहुजन समाज पार्टी के सदस्यों ने आईपीएस वाई पूरन कुमार के परिवार को न्याय दिलाने व दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद डीडीपीओ राजपाल चहल के माध्यम से सीएम नायब सैनी व राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश सचिव विनय बोहत ने बताया कि एडीजीपी वाई पूरन कुमार जातीय द्वेष का शिकार हुए है, जिसके चलते उन्हें अपनी जान तक गंवानी पड़ी। सीनियर आईपीएस अधिकारी, जिसकी पत्नी सीनियर आईएएस हैं, अगर उसे भी प्रताड़ना सहन करते हुए सुसाइड करने की नौबत आई तो यह चिंता का विषय है। विनय बोहत ने कहा कि वाई पूरन कुमार ने डीजीपी शत्रुजीत कपूर व रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया का नाम अपने सुसाइड नोट में लिया है। जिनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए।

### 10 दिन में कार्रवाई नहीं तो होगा बड़ा आंदोलन

विनय बोहत ने कहा कि डीडीपीओ के माध्यम से सीएम व राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। साथ ही 10 दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर 10 दिन में कार्रवाई नहीं की गई तो इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं प्रशासन की होगी। इससे पहले शहर के दर्जनों दलित एवं सामाजिक संगठन भी प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग कर चुके हैं।

### अधिवक्ताओं ने निष्पक्ष जांच की मांग की



रोहतक। जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने आईपीएस वाई पूरन कुमार मामले में निष्पक्ष जांच की मांग उठाते हुए एसडीएम आशीष कुमार के माध्यम से सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। वकीलों ने स्पष्ट कहा कि इस मामले में गंभीरता से जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें। डीसी को ज्ञापन देने पहुंचे एडवोकेट अधिवक्ताओं ने कहा कि आईपीएस वाई पूरन कुमार के सुसाइड का जो मामला है, उसको लेकर समाज में लोगों के बीच कई प्रकार की चर्चाएं चल रही हैं। ऐसे में वकीलों ने भी विचार किया और सोचा कि समाज में जो धारणाएं चल रही हैं, उसको किस प्रकार से रोका जाए। अशोक कादयान ने बताया कि वाई पूरन कुमार के मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन इससे पहले पूरे मामले में जांच होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू ने परीक्षा परिणाम जारी किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2025 में आयोजित एमएससी गणित सीडीओई तथा एमएससी गणित सीडीओई ऑनलाइन मोड के तीसरे सेमेस्टर की री अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### नौकरी दिलाने के नाम पर 24 हजार ठगे

**सांपला।** साइबर ठगों ने इस्माईला निवासी संजय खत्री को नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 24 हजार धोखाधड़ी से ठग लिए। पुलिस ने संजय के बयान पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। उन्होंने बताया कि वह बेरोजगार है। उसने नौकरी के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरा था। 6 अक्टूबर को उसके पास फोन आया कि आपका मोबाइल कंपनी में नौकरी लगगई है। उन्होंने अलग-अलग समय पर वर्दी के बीमा के पैसे मांगे। खाता नंबर ले लिया और उसमें से 8500 और 15000 पर निकल लिए। उसके बाद उसने पता लगा कि वह ठगा गया है।

### अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार

**सांपला।** पुलिस ने हसनगढ़ जसोर खेड़ी मार्ग पर एक भट्टे के पास एक युवक को अवैध शराब सहित पकड़ा है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम मनीष बताया, जो सोनीपत जिले का रहने वाला है। जांच में उसके पास बोतल अधे व पव्वे सहित करीब 120 बोतल शराब पकड़ी गई। पुलिस ने मनीष के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की एवीटी स्टाफ टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया और उसके खिलाफ के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। एवीटी स्टाफ प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि सोनीपत रोड आईएमटी पुल के पास पुलिस गश्त पर थी। गश्त के दौरान युवक को शक के आधार पर रोका गया। युवक की पहचान प्रवीण उर्फ फोर्ड, निवासी मंडलाना, जिला सोनीपत के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ आईएमटी में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि जांच जारी है और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक को नशीले पदार्थ सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान एक गाड़ी सवार युवक को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 27.07 ग्राम अफीम बरामद हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया और उसके खिलाफ केस दर्ज करके कार्रवाई की गई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि गोहाना बाईपास गोल चक्कर के पास गश्त पर थी।

### यूजीसी-नेट परीक्षा के लिए कोचिंग 30 से

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन (यूसीसीई) द्वारा यूजीसी-नेट/जेआरएफ दिसंबर 2025 परीक्षा की तैयारी हेतु कोचिंग कार्यक्रम 30 अक्टूबर से प्रारंभ किया जाएगा। यूसीसीई निदेशक प्रो. जेएस हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 29 अक्टूबर तक पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह कोचिंग कार्यक्रम विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी में मार्गदर्शन एवं विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करेगा।

**शहर को स्वच्छ रखने के लिए नगर निगम ने की तैयारी पूरी**

## त्योहारों पर मुख्य बाजारों -सड़कों पर रात के समय करवाई जाएगी सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से रात के समय भी सफाई करवाई जा रही है। आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए निगम द्वारा मुख्य बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और सुन्दर वातावरण मिल सके। इस अभियान के अंतर्गत रात के समय निगम की विशेष टीम गठित की गई है जोकि शहर के प्रमुख क्षेत्रों किला रोड, रेलवे रोड व मुख्य मार्गो पर सफाई कार्य कर रही हैं। सफाई कर्मचारियों द्वारा झाड़ू लगाना, कचरा उठाना और कूड़ा उठाने वाले वाहनों के माध्यम से कचरे का नियमित उठवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक शौचालयो की सफाई व्यवस्था की भी निरंतर निगरानी की जा रही है ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। त्योहारी सीजन के दौरान प्रतिदिन हजारो व्यक्तियों का आवागमन रहेगा।




### शहर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की पहल

निगम आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने यह भी कहा कि नगर निगम रोहतक द्वारा "हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025" को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बस स्टैंड पर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूकत, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने व डस्टबीन रखने बारे जागरूक किया जा रहा है।

### पीजीआईएमएस में वृद्धजनों की सुविधा के लिए विशेष ओपीडी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। स्थानीय पंडित भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान द्वारा जीवनधारा जेरिएट्रिक केयर कार्यक्रम के तहत वृद्धजनों की सुविधा के दृष्टिगत सप्ताह में दो बार विशेष ओपीडी संचालित की जा रही है। सचिन गुप्ता ने बताया कि संस्थान द्वारा जीवनधारा जेरिएट्रिक केयर कार्यक्रम के तहत वृद्धजनों की देखभाल के लिए विशेष ओपीडी का संचालन किया जा रहा है।



डीसी सचिन गुप्ता

**बालंद के पास सुबह दर्दनाक सड़क हादसा**

## कार में आग से एक व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बालंद गांव के पास कबूलपुर रोड पर सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में झज्जर जिले के अकेड़ी मदनपुर गांव निवासी मोतीराम की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब मोतीराम की तेज रफ्तार कार एक ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में लगी सीएनजी सिलेंडर से आग भड़क उठी और कुछ ही पलों में कार आग का गोला बन गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद कार पूरी तरह लपटों में घिर गई थी। चालक मोतीराम कार के अंदर फंसे रह गए। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ने साहस दिखाते हुए जलती कार के पास जाकर किसी तरह मोतीराम को बाहर निकाला। राहगीरों की मदद से घायल को तुरंत पीजीआईएमएस ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, मोतीराम सुबह अपनी कार से किसी निजी कार्य के लिए निकले थे। जैसे ही वे कबूलपुर रोड पर पहुंचे, उन्होंने आगे चल रहे एक ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान उनकी कार ट्रैक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सीएनजी रिसाव से आग लग गई। टक्कर के दौरान मोतीराम का सिर स्टीयरिंग से टकराने के कारण वे मौके पर ही बेहोश हो गए।



### फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने आग पर काबू पाया

हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। हादसे में ट्रैक्टर चालक को भी हल्की चोटें आई हैं।

**प्रदीप मोटा, कपिल फौजी और हिमांशु देशवाल के नेतृत्व में विद्यार्थी आंदोलनरत**

## प्रदर्शनों पर रोक लगवाने को न्यायालय पहुंची एमडीयू, कल होगी सुनवाई

*छात्रों ने यूनिवर्सिटी को जब्त कराए गमले, इस मामले में एक माह से सुर्खियों में मदवि प्रशासन*

- वीसी आवास में जबरन घुसने के मामले में अदालत में सुनवाई 16 को होगी
- 17 अक्टूबर को यूनिवर्सिटी प्रॉक्टर बोर्ड के समक्ष छात्र हाजिर होकर पक्ष रखेंगे

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में गमला निर्माण फैक्ट्री मामले के बाद कैंपस में प्रदर्शन प्रतिबंधित करवाने के लिए अब विश्वविद्यालय प्रशासन ने कोर्ट का रुख किया है। छात्र नेता प्रदीप मोटा, हिमांशु देशवाल और कपिल फौजी के संयुक्त नेतृत्व में छात्र प्रदर्शन न करें। इसके लिए न्यायालय में याचिका दायर की गई है। इस मामले की सुनवाई अब 15 अक्टूबर को होगी। इसी प्रकार वीसी आवास में जबरन घुसने के मामले की कोर्ट में सुनवाई 16 अक्टूबर को होनी है। इसके अगले ही दिन 17 अक्टूबर को यूनिवर्सिटी प्रॉक्टर बोर्ड के समक्ष छात्रों को हाजिर होकर अपना पक्ष रखना है। दीपावली से पहले-पहले अब छात्र नेता खुद कोर्ट-कचहरी के फेर में काफी व्यस्त रहेंगे और यूनिवर्सिटी को भी रखेंगे। इधर, छात्रों ने सोमवार को एक गमलों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली विश्वविद्यालय को जब्त करवाई। कुल मिलाकर गमला निर्माण यूनिट पकड़े जाने के बाद से एमडीयू करीब एक माह से सुर्खियों में है।




### शिक्षक संघ कार्यालय में लगवाए सीसीटीवी

आंदोलन को लेकर एक दो प्रेस कांफ्रेंस शिक्षक संघ कार्यालय में हुई तो प्रशासन को ये नहीं भाया। संघ की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने के बाद उसे अब अवैध घोषित कर दिया। इसके बाद पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत वहां से यूनिवर्सिटी स्टाफ को हटा लिया। इसमें एक चतुर्थ श्रेणी और एक तृतीय श्रेणी का कर्मी था। इतने से भी अधिकारी का गुस्सा शांत नहीं है। बताया जा रहा है कि शिक्षक संघ कार्यालय में कौन आता है और कौन जाता है, इस पर निगरानी रखने के लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सीसीटीवी लगवा दिए हैं। प्रधान डॉ. विकास सिवाच कहते हैं कि विश्वविद्यालय प्रशासन यूनिवर्सिटी समुदाय से डरा हुआ है। इसलिए कैंपस में प्रदर्शनों पर रोक लगवाने के लए कोर्ट में याचिका दायर की गई है और संघ कार्यालय पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए गए हैं।

### पुलिस को लग चुकी फटकार

ध्यान रहे कि गत 19 सितंबर को वीसी आवास पर छात्रों के जबरन घुसने के मामले में जब छात्र नेता प्रदीप मोटा को पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय मे पेश किया तो कोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाई थी कि गिरफ्तारी अवैध है। इसके बाद पुलिस ने प्रदीप मोटा को रिहा कर दिया। पिछले दिनों कैंपस में छात्र कोर्ट का आयोजन किया गया।

### अवैध रूप से लाए जा रहे थे गमले

सोमवार सुबह वीसी कार्यालय परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब संयुक्त छात्र मोर्चा ने गमलों से भरे एक ट्रैक्टर को रोककर उसे ज़ब्त करवा दिया। मोर्चा के पदाधिकारियों का आरोप है कि ये गमले अवैध रूप से लाए जा रहे थे और इसमें सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका है। मौके पर संगठन के प्रमुख प्रदीप मोटा स्वयं पहुंचे। उन्होंने तत्काल ट्रैक्टर को रुकवाया और उस पर लदे गमलों का बिल मांगा। हालांकि, ट्रैक्टर पर मौजूद लोग कोई वैध दस्तावेज़ या बिल प्रस्तुत नहीं कर सके, जिससे संदेह और गहरा गया।

### पूरे मामले की हो जांचः प्रदीप मोटा

प्रदीप मोटा ने कहा कि सरकारी परिसर में इस तरह बिना किसी वैध दस्तावेज़ के गमले कहां से लाए जा रहे थे। यह साफ तौर पर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। इसलिए यूनिवर्सिटी को मामले की जांच करवानी चाहिए। गमलों का स्टॉक राजकुमार के पास होता है। वह ट्राली छोड़कर क्यों भागा, यह सबसे बड़ा सवाल है। कुछ साल पहले लकड़ियों के ट्रैक्टर-ट्राली को लेकर भी चर्चा आई थी।

### हरियाणा ओलम्पिक गेम्स के लिए पहली बार बैडमिंटन खिलाड़ी राहुल वर्मा का हुआ चयन



चयन पर खुशी जाहिर करते परिजन।

रोहतक। हरियाणा स्टेट ओलम्पिक गेम्स के लिए उत्कृष्ट बैडमिंटन खिलाड़ी राहुल वर्मा का हरियाणा पावर स्पोर्टस ग्रुप में पुरूष वर्ग में चयन हो गया है। अपने होनहार बेटे राहुल वर्मा की लगातार उपलब्धियों के आधार पर हरियाणा ओलम्पिक खेलों के लिए चयन होने पर पिता एवं लोक सम्पर्क विभाग के सेवानिवृत्त डीआईपीआरओ सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ ने खुशी व्यक्त की और उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राहुल वर्मा चयनित बैडमिंटन के अन्य 6 खिलाडियों के साथ बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने क्षेत्र,ग्रुप एवं प्रदेश का नाम रोशन करेगा। सात सदस्यीय इस बैडमिंटन टीम में राहुल वर्मा के अलावा रोहित भाकर अर्जुन अवार्डी, रमेश जांगड़ा, राहुल डबास, अनमोल शर्मा, संदीप व कौशल का भी चयन हुआ है। इससे पहले गत 6 से 8 अक्तूबर तक विद्युत नगर हिसार स्थित खेल काम्प्लैक्स में हुई डीएचबीवीएनएल की 15 वीं अन्तर सर्कल खेल प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में मुख्यालय हिसार की टीम में शामिल राहुल वर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत टीम के विजेता होने का खिताब मिला था।

### कल इस्माइला-11बी में प्रशासन आपके गांव

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा की गई नई पहल के तहत जिला के गांव इस्माइला 11बी में 15 अक्तूबर को प्रशासन आपके गांव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा घर द्वार पर पात्र लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का मौके पर लाभ दिया जाएगा तथा योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।नरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रशासन द्वारा प्रशासन आपके गांव कार्यक्रम के तहत 15 अक्तूबर को सुबह 11 बजे जिला के सांपला खंड के गांव इस्माइला 11बी में कार्यक्रम होगा। इस दौरान जनसंवाद सभा के माध्यम से लोगों की समस्याओं व शिकायतों की सुनवाई कर मौके पर संबंधित अधिकारियों को निपटारे के निर्देश दिए जाएंगे तथा यथासंभव मौके पर ही शिकायतों का निपटारा किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा हर सप्ताह जिला के एक गांव में प्रशासन आपके गांव कार्यक्रम के तहत गांव में पहुंचकर लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाता है तथा शिकायतों का निपटारा भी किया जाता है।



एडीसी नरेंद्र कुमार

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक, मंगलवार
14 अक्टूबर 2025





दीपावली का पर्व हम सभी के घर में खुशहाली का उजास लेकर आता है। लेकिन इस पर्व की तैयारी में घर की महिलाएं प्राय: इतना उलझ जाती हैं कि अपनी खुशी, सुख और उत्साह को बिसार देती हैं। ऐसा ना करें, घर-परिवार के साथ खुद भी इस त्योहारी खुशी, उल्लास के हर पल में शामिल हों। यकीन मानिए, इससे आपकी दीपावली और जगमगा उठेगी।

## स्त्रियां भी जीएं सुख का उजास

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

उजास की चमक में स्वयं अपने भीतर झांकने का त्योहार है दीपावली। संबंधों में अनुभूतियों की रौनक भरने वाला जश्न है यह पर्व। यह उत्सव प्रेम-स्नेह के भाव को दरकने से बचाने वाली झिलमिलाहट भी साथ लेकर आता है, मन की कहने-सुनने से हर चेहरे पर एक दमक भी उतर आती है। कुल मिलाकर यह उत्सवीय आभा अपने भीतर भी एक जगमगाहट भरने का संदेश देती है। आंगन संवारती, दीवारें पोंछती, व्यंजनों की खुशबू फैलाती और अपनों की सज-धज का ध्यान रखती स्त्रियां, त्योहारी आपा-धापी में खुद को ही भूल जाती हैं। तो सुनो सहेली, दमकती-चमकती आंगन की रंगोली और रसोईघर से आती पकवानों की महक के बीच अपने मन की कांति को सहेजना ना भूलो।



### सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक

हर उत्सव पर मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में स्त्रियां अपने परिवार के आंगन में उजास भरती हैं। यह त्योहारी रौनक घर से लेकर गली तक हर ओर फैली होती है। साफ-सफाई और सजावट से झिलमिलाते घरों की कड़ियों को जोड़ने वाली स्त्रियां ही होती हैं। ऐसे में खुद की अनदेखी ना चाहते हुए भी हो जाती है। 'यह कर लूं', 'वह निपटा लूं' और 'घर के कोने-कोने को सजा लूं' के फेर में अपनी सज-धज तो रह ही जाती है। कभी-कभी तो इस भाग-दौड़ में मन नीरसता के धुंधलेपन से घिर जाता है। लेकिन सामानों की धूल झाड़ने में स्वयं की आभा फीकी ना होने दें।

अब जबकि दीपावली आने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं तो अपनी खुद की की साज-सज्जा की तैयारियां करने पर भी ध्यान दें। दीपपर्व की उजास में आपकी सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक भी बिखरनी ही चाहिए।

### बना रहे उपस्थिति का आलोक

इस दीपावली यह सुनिश्चित करें कि आपकी उपस्थिति का आलोक भी हर ओर फैले। जब सब मेल-जोल में व्यस्त हैं। आपके अपने सब कुछ भूलकर त्योहार की खुशियों को जी रहे हैं तो आप क्यों काम में उलझी हैं? आसमान तक फैली झिलमिलाहट के बीच आप घर के भीतर क्या सहेजने में लगी हैं? आज भी बहुत सी स्त्रियों के लिए यह त्योहार तैयारियों की कभी ना खत्म होने वाली श्रंखला भर बनकर रह जाता है। ऐसे में झिलमिल दीपों से सजे चौखट-चौबारों के बीच आपका मन व्यस्तता के जाल में न उलझे। ध्यान रहे, दीपावली के त्योहार पर मां लक्ष्मी और माता सरस्वती के पूजन का विधान है। अपने संवेदनशील हृदय में भरी ज्ञान रूपी समझ से सुखद मेलजोल जीएं। गृहलक्ष्मी के रूप में आलोकित अपने व्यक्तित्व को जिम्मेदारियां निभाने तक न समेटें। परिवार, घर-द्वार को संभालने के साथ-साथ दीपावली के दीयों की टिमटिमाती मुस्कान के बीच आपकी उपस्थिति की चमक भी जरूरी है।



### साझेपन की दमक जरूरी

आप होम मेकर हों या वर्किंग वुमेन, त्योहार की तैयारी में सबका साथ लीजिए। परिवार को उत्सव मनाने में ही नहीं उत्सवीय तैयारियों में भी साथ रखिए। त्योहार के दिन आस-पड़ोस या मित्रों-सगे-संबंधियों के यहां सबके साथ आप भी मिलने जाइए। याद रहे, आपसी मेल-जोल और रिश्तों की रौनक से जुड़ा दीपावली का पर्व खुद को पीछे रखने के बजाय सहज रूप मन की ऊर्जा जुटा लेने का उत्सव है। इसके लिए स्त्रियां अपनों की सहायता लेने में संकोच ना करें। अपने जीवन में साझेपन की चमक भरने का प्रयास करें, ताकि यह जज्बाती दमक जिम्मेदारियों के मोर्चे पर भी दिखे। इतना भर करने से सबकी इच्छाओं और खुशियों का ध्यान रखते हुए आप अपने लिए भी समय निकाल सकेंगी। घर के आंगन में ही नहीं, अंतर्मन में भी इस त्योहार की जगमग को महसूस करेंगी।

### अपनों की अहम भूमिका

**गृहलक्ष्मी की** भाग-दौड़ को समझने का प्रयास अपनों को भी करना चाहिए। झिलमिलाते घर-आंगन में हंसते-मुस्कुराते हुए सब कुछ संभालने वाली परिवार की महिलाओं को बच्चे, बुजुर्ग और जीवनसाथी सभी सहयोग करें। उनको मन से सम्मान दें। याद दिलाएं कि पहनने के लिए उनकी पसंद के पारंपरिक परिधानों की तैयारी भी उन्हें ही करनी है। मिठाइयों की सूची थोड़ी छोटी रही तो भी चलेगा। 'बहू तुम भी सबके साथ बैठो' भर कहकर बुजुर्ग कई दिनों की भाग-दौड़ से फीके पड़े चेहरे की चमक लौटा सकते हैं। 'मम्मा हमारे साथ-साथ आप भी अच्छे से तैयार हो जाओ ना!' जैसे शब्द दीपावली की तैयारियों में जुटी मां को मुस्कुराहट की चमक दे सकता है। 'गृहलक्ष्मी की सज-धज बिना कैसा त्योहार' कहने वाले जीवनसाथी की अनुभूतियों से मिली आभा मन को नई दमक दे जाती है। अपनों का यह साथ-स्नेह घर की महिलाओं के लिए इस पर्व की रौनक और बढ़ा देगा। असल में बड़ों-छोटों की यह ज्योतिर्मय सोच स्त्रियों को कई उलझनों से बचा लेती है। दीपावली का त्योहार एक-दूजे के साथ खुशियां बांटने की परंपरा है। उत्सव के वास्तविक मायने तो तभी हैं, जब घर का हर सदस्य इस रीत की रौनक को जीए।




सुख-शांति-समृद्धि के लिए दीपावली से पहले

## घर से निकालें नकारात्मक ऊर्जा

हर कोई चाहता है कि उसके घर में सुख, शांति बनी रहे और समृद्धि आए। इसके लिए दीपावली एक अच्छा अवसर है। आप वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ बातों को ध्यान रखकर अपने घर में सुख, शांति के साथ समृद्धि ला सकती हैं।

वास्तु

निकिता चौहान



जब दीपावली जैसा बड़ा पर्व आता है, परिवार में उत्सवी माहौल हो जाता है, मन उमंग-तरंग से भर उठता है। लेकिन दीपावली की खुशियों में कोई बाधा ना आए, त्योहार खुशी के साथ मनाया जा सके, इसके लिए जरूरी है कि आप वास्तु शास्त्र के अनुसार घर से नकारात्मक ऊर्जा को निकालें। भारतीय वैदिक वास्तु हमारे पारंपरिक ज्ञान से जुड़ा है, जो हमें अपने घर और कार्यस्थल पर पांच मूल प्राकृतिक तत्वों के सामंजस्य से एक सुगमता स्थापित करने में सहायता करता है। वैदिक वास्तु इन पंच तत्वों को उनकी दिशा के अनुसार घर में संयोजित करने की सलाह देता है। दीपावली में हमें वैदिक वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ विशेष उपाय अपनाने चाहिए, जिससे घर की नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाएगी और हमारा स्वास्थ्य सही रहेगा, घर में सुख- शांति रहेगी, समृद्धि भी आएगी। ये विशेष उपाय कौन से हैं, जानें-

**घर के केंद्र को साफ रखें:** दीपावली में सर्वप्रथम अपने घर के केंद्र, जिसे ब्रह्मस्थान कहा जाता है, को साफ-सुथरा बनाएं। वहां बहुत ज्यादा सामान ना हो। इससे घर में ऊर्जा का प्रवाह सही और सुचारु ढंग से होगा।



**मिट्टी का दीपक जलाएं:** मिट्टी के दीये में गाय के घी से दीपक प्रज्वलित करें। गाय के घी को शुभ और पवित्र ऊर्जा का कारक माना जाता है। इसके अलावा तिल के तेल से दिया प्रज्वलित करने से ग्रहों के दुष्प्रभाव को समाप्त किया जा सकता है। घी, तिल, अरंडी, महुआ और नीम के तेल को मिलाकर प्रज्वलित दीपक पंचदीपम कहलाता है। इससे घर में समृद्धि, परिवार में स्नेह बना रहता है, रोग का नाश होता है। नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव की समाप्ति होती है, साथ ही वंश वृद्धि होती है।

**चमकीले रंग का उपयोग करें:** दीपावली में हमेशा चमकीले रंग का उपयोग करना चाहिए। दीपावली से पहले या बाद में पेंटिंग और साज-सज्जा करें। इसके अलावा दीपावली में आपको अपने घर या कार्यालय के प्रवेश द्वार के पास खास साफ-सफाई करना चाहिए।

**पोंछे में समुद्री नमक डालें:** घर में पोंछा लगाते समय पानी में थोड़ा समुद्री नमक मिला दें फिर पोंछा लगाएं, इससे नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होने में मदद मिलेगी।

**नया दर्पण लगाएं:** घर में नया दर्पण लगाएं ताकि लाइट ज्यादा चमके और सकारात्मक वातावरण बने। दीपावली के अवसर पर अपने घर के द्वार पर पौधों वाला गमला रखें। पौधा एक तरह से जीवन का प्रतीक होता है, इसलिए आपके घर में सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक रहता है।

**मंत्र जाप करें:** दीपावली के दिन खासकर घर में धार्मिक मंत्रों का उच्चारण करने वाले ऑडियो को मधुर आवाज में लगाएं। इससे अपने घर में भरपूर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगी। परिवार में सब स्वस्थ रहेंगे। प्रेम-स्नेह भी बना रहेगा।

**(वास्तु-ज्योतिष विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह से बातचीत पर आधारित)**

दीपावली जैसा बड़ा पर्व हो तो इसकी भव्य तैयारी जरूरी हो जाती है। यह तैयारी वर्किंग वूमेन के लिए एक बड़े टास्क जैसी होती है, क्योंकि उसे ऑफिस के कामों के साथ, घर में भी त्योहार की तैयारी करनी होती है। इस दोहरी जिम्मेदारी के बीच वर्किंग वूमेन कैसे बैलेंस बैठाएं, जानिए।

टाइम मैनेजमेंट के साथ करें फेस्टिवल की तैयारी

## फैमिली से लें हेल्प-करें फुल एंज्वॉय

वर्किंग वूमेन

अलका सोनी

दीपावली का पर्व सिर्फ लक्ष्मी पूजन, पटाखे और मिठाइयों तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि इसकी चमक-दमक के पीछे महीनों की तैयारी छिपी होती है। घर के हरेक कोने की झाड़-पोंछ, सजावट, नए कपड़े, पकवान और रिश्तेदारों की आवभगत, इन सबका बोझ ज्यादातर महिलाओं के कंधों पर रहता है। महिला अगर काम-काजी है, तो दीपावली की तैयारी करना उसके लिए आसान नहीं होता, काफी मुश्किलें आती हैं। लेकिन सही ढंग से मैनेज किया जाए तो मुश्किलें आसान हो सकती हैं। इस संबंध में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत गुंजन सिंह कहती हैं, 'वर्किंग होने के साथ त्योहारों की तैयारी थोड़ी मुश्किल हो जाती है, लेकिन टाइम मैनेजमेंट से त्योहार को पूरी तरह एंज्वॉय करने का मौका मिल सकता है। मैं दिवाली के बीस दिन पहले से थोड़ी-थोड़ी तैयारी करने लगती हूं। इससे एकसाथ मुझ पर काम का बोझ नहीं पड़ता। दिवाली का सामान उसकी प्राथमिकता के हिसाब से लाती जाती हूं, एक लिस्ट बना लेती हूं, फिर ऑफिस से आते वक्त इन्हें लाती रहती हूं।'



**महिलाओं की दोहरी जिम्मेदारी:** भारतीय परिवारों में त्योहार की तैयारी का काम पीढ़ियों से महिलाओं की जिम्मेदारी ही माना गया है। दादी-नानी के समय में यह काम सहज रूप से घरेलू जीवन का हिस्सा था। तब अधिकतर महिलाएं गृहिणी थीं, इसलिए पूरा ध्यान घर के सभी कामों को करने और मेहमानों की देखभाल में बीतता था, लेकिन बदलते समय के साथ महिलाएं शिक्षा और नौकरी के क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं। ऐसे में उन पर जिम्मेदारियों का भार दोगुना हो गया है।

**टाइम मैनेजमेंट का प्रेशर:** ऑफिस की डेडलाइन और त्योहार की डेडलाइन, दोनों को साथ लेकर चलना एक आर्ट है। हर महिला इसे अपने तरीके से सीखती है। ऑफिस के कामों के साथ घर में भी त्योहारों की रौनक कायम रखने पर ध्यान दिया जाए तो दोनों के बीच अच्छा संतुलन बनाया जा सकता है। बस उन्हें अपने परिजनों की थोड़ी मदद की दरकार होती है।

**हो स्मार्ट प्लानिंग:** वर्किंग वूमेन के पास समय की कमी होती है। इसलिए समय बचाने और सारा काम पूरा करने के लिए ये महिलाएं 'टू-डू लिस्ट' और कैलेंडर बनाकर हफ्तों पहले तैयारी शुरू कर देती हैं। एक दिन सफाई, दूसरे दिन बाजार, तीसरे दिन उपहारों की पैकिंग। इस तरह काम को छोटे हिस्सों में बांटकर करने से काम आसानी से हो जाते हैं। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग, एप-बेस्ड क्लीनिंग सर्विस, तैयार मिठाइयों की होम-डिलीवरी जैसी सुविधाएं आज त्योहारों की तैयारी को आसान बना रही हैं। आज की महिलाएं यह समझती हैं कि दिवाली का मतलब तनाव नहीं, खुशी है। इसलिए वे ऑफिस से छुट्टियां पहले से प्लान कर लेती हैं।

### जरूरी है परिवार की भागीदारी



जीवन में हम परिवार की अहमियत को अनदेखा नहीं कर सकते। परिवार को मानव की प्रथम पाठशाला भी कहा जाता है। यानी कि पीढ़ियां अपने परिवार से ही सीखती रही हैं। अतः यह समझने की जरूरत है कि घरेलू कार्यों के लिए सिर्फ महिलाएं ही जिम्मेदार नहीं हैं, घर के पुरुषों और बच्चों को भी त्योहार की तैयारियों में हाथ बंटाना चाहिए। इससे सारे काम आसानी से संपन्न हो जाएंगे।



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## प्रदूषण से बालों को ऐसे बचाएं

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए:** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग:** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिए:** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए हेयर मास्क को आप हर हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को मजबूती मिलेगी।

**सफेद बाल:** पचास-साठ की उम्र से पहले सफेद हुए बालों की समस्या से बहुत सी युवा और मिडएज की महिलाएं परेशान रहती हैं। इस समस्या से बचाव के लिए भी मुलेठी पावडर का उपयोग काफी कारगर हो सकता है। इसके लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम कर सकती है। इसके लिए, दही और मुलेठी पावडर का पेस्ट भी काफी फायदेमंद साबित होता है।

डेकोरेशन

श्रुति आयंगर

दीपावली के अवसर पर हर कोई चाहता है कि उसका घर-आंगन सबसे खूबसूरत दिखे। आप भी अपने घर को आकर्षक दिखाने के लिए तैयारियों में जुटी होंगी। हम यहां आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिससे आपका घर ऐसा दमक उठेगा कि सब तारीफ करेंगे।

## खूबसूरत-आकर्षक दिखेगा आपका आशियाना



दिवाली सिर्फ रोशनी करने, आतिशबाजी करने, तरह-तरह के व्यंजन खाने-खिलाने का त्योहार नहीं है। इस अवसर पर घर के हर कोने को सजाया भी जाता है। हम आपको घर डेकोरेट करने के कुछ आसान लेकिन अट्रैक्टिव लुक देने वाले तरीके बता रहे हैं।

**एंटीक-हैंडीक्राफ्ट आइटम्स:** ब्रास, कॉपर, सिल्वर टोन के शोपीसेस और हैंडीक्राफ्ट आइटम्स घर को रॉयल लुक देते हैं। छोटे-छोटे लैंप्स, हैंड पेंटेड ट्रे, मूर्तियां, ब्रास या कॉपर के वास, लंबे दीया स्टैंड, टेराकोटा आर्ट पीस, वुडेन क्राफ्ट, क्ले पॉट्स, मेटल वॉल हैंगिंग, पेंटेड बॉटल्स, झूमर, घंटियां और पीतल के शोपीस ये सभी घर को फेस्टिव टच देते हैं। इन्हें कॉर्नर टेबल, विंडो साइड टेबल या घर के एंट्रेंस पर साइड टेबल पर रखें तो और भी अच्छा दिखेगा।





**थीम बेस्ड डेकोरेशन:** हाल के सालों में दीपावली पर थीम बेस्ड डेकोरेशन का क्रेज भी काफी बढ़ा है। आप चाहें तो गोल्डेन थीम फॉलो कर अपने घर को रॉयल-क्लासी टच दे सकती हैं। पेस्टल थीम से घर को सॉफ्ट और ट्रेंडी लुक मिलेगा। इस ऑकेजन के लिए ट्रेडिशनल रेड-ग्रीन डेकोरेशन को भी शुभ माना जाता है। अगर आप कुछ डिफरेंट डेकोरेशन चाहती हैं तो मल्टीकलर या कोई ट्रेडिशनल थीम भी अपना सकती हैं। जो थीम आप सेलेक्ट करें उसी के अनुसार पर्दे, टेबल कवर, रनर और डेकोरेटिव आइटम्स का भी चुनाव करें।

**रि-स्टाइल करें फर्नीचर:** जरूरी नहीं कि दीपावली पर नए फर्नीचर ही खरीदे जाएं। इसकी बजाय पुराने फर्नीचर को रि-स्टाइल भी करवा सकती हैं। सोफा या चेयर को दीवार के किनारे से हटाकर सर्कल या स्क्वेयर में अरेंज कर सकती हैं। पुराने सोफे का बेस और बैक कुशन बदलें।

**लाइटिंग हो खास:** दीपावली के मौके पर हैंडमेड बाती लैंप, शेड लाइट और शैडो लाइट्स काफी पसंद की जाती हैं। ये पीसेस घर को रोशन करने के साथ-साथ स्टाइलिश और पर्सनल टच भी देती हैं। ड्राइंग रूम में डेकोरेटिव लैंप, हैंगिंग लालटेन और वॉल लैंप्स लगाकर घर को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इंडोर प्लांट्स के आस-पास छोटे रंगीन बल्बों वाली लाइट्स लगा सकती हैं। बालकनी और लॉन के लिए फेयरी लाइट्स, स्टार प्रोजेक्टर, एलईडी स्ट्रिप और लालटेन का उपयोग करना अलग टच देगा। पूरे आंगन को जगमगाने के लिए एलईडी और सोलर लाइट्स सबसे स्मार्ट ऑप्शन हैं।

**शीशे से करें सजावट:** गोल या चौकोर आकार के छोटे शीशों के टुकड़ों को लंबी, पतली रंगीन पट्टी पर चिपकाकर दीवारों पर सजाया जा सकता है। दरवाजे पर शीशों का तोरण भी बहुत खूबसूरत लगता है।

**फूलों से सजाएं घर:** गेंदे के नकली फूलों की लड़ी, जिसमें छोटी घंटियां लगी हों, सीढ़ी की रेलिंग पर लटका सकती हैं। आप असली फूल भी लगा सकती हैं।

**(इंटीरियर एक्सपर्ट अनामिका शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### शिकायतों के समाधान के दिए निर्देश

**रोहतक।** समाधान शिविर में सोमवार को लोगों की शिकायतों की सुनवाई की गई तथा मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए गए। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र ढुल, नगराधीश अंकित कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल व डीएमसी जितेंद्र सिंह ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं।

### इनरव्हील क्लब ने मनाया दिवाली उत्सव

**रोहतक।** इनरव्हील क्लब ब्लूमिंगडेल द्वारा दिल्ली रोड स्थित निजी होटल में हर्षोल्लास के साथ दीवाली समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया, जिसमें क्लब की प्रमुख सदस्य प्रीति गुगनानी, मोनिका गुगनानी, डॉ. अंजु आहुजा, सिल्की बंसल, ज्योति बंसल, अर्पण भाम्भरी, कशितिजा रावल आदि मौजूद रहे।

### पुलिस लाइन में परेड का किया अभ्यास

**रोहतक।** पुलिस लाइन में सोमवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया, जिसमें प्रभारी थाना एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। इस परेड में जिला रोहतक के सभी थाना-चौकी, पुलिस कार्यालय और जिले में तैनात सभी जवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस ने लॉ एंड आर्डर कम्पनी के माध्यम से जवानों को कानून व्यवस्था की विकट परिस्थितियों से निपटने का विशेष अभ्यास कराया।

### नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र का भव्य स्वागत

**रोहतक।** नेकीराम कॉलेज में नए प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सांगवान की नियुक्ति के अवसर पर एक हर्षोल्लासपूर्ण स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज के छात्र नेता साहिल देशवाल और उनके साथी विद्यार्थियों ने प्राचार्य का फूलों के गुलदस्ते के साथ स्वागत किया और उन्हें हार्दिक बधाई दी। छात्र नेता साहिल देशवाल ने इस अवसर पर कहा कि हमें नए प्राचार्य से बहुत उम्मीदें हैं। डॉ. सुरेन्द्र सांगवान के नेतृत्व में कॉलेज शिक्षा, अनुशासन और छात्र हितों के क्षेत्र में नई ऊंचाइया छूएगा।

### छात्रों ने किया एमडीयू का शैक्षणिक भ्रमण

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सेंटर फॉर बायोइनफॉर्मेटिक्स में आज ऑल इंडिया जाट हीरोज मेमोरियल कॉलेज के बी.एससी. (मेडिकल) और एमएससी. (बॉटनी) के लगभग 60 विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को बायोइनफॉर्मेटिक्स जैसे उभरते हुए बहु विषयक क्षेत्र की आधुनिक तकनीकों, अनुसंधान सुविधाओं और करियर संभावनाओं से परिचित कराना था। विभाग की निदेशक डॉ. महक डांगी ने छात्रों भविष्य की अपार संभावनाओं पर विस्तार प्रकाश डाला।



### साइबर सुरक्षा जागरूकता पर हुआ लेक्चर प्रोग्राम

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुआ हरिभूमि न्यूज. रोहतक सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा जागरूकता लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को इंटरनेट उपयोग के दौरान सतर्कता और सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर एसआई बलराज, एएसआई दयानंद और हेड कांस्टेबल नवीन ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसके साथ खतरे भी जुड़े हैं।

# खंड शिक्षा अधिकारी के आदेश को ठेंगा, मदीना गर्ल्स स्कूल में ओपन स्कूल का परीक्षा केंद्र बनाया

बीईओ ने कहा था कि खंड का कोई भी सरकारी विद्यालय मुखिया परीक्षा केंद्र के लिए आवेदन न करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम में खंड शिक्षा अधिकारी के आदेश को ठेंगा दिखाया गया है। बीईओ के मना करने के बाद भी एक सरकारी स्कूल में नेशनल ऑपन स्कूल का परीक्षा केंद्र बना दिया गया है। हुआ यूं कि महम की खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल ने गत 4 जुलाई को महम खंड के सरकारी स्कूलों को एक लिखित आदेश भेजा था। जिसमें यह कहा गया था कि महम खंड से कोई भी राजकीय विद्यालय मुखिया अपने विद्यालय को एनआईओएस कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा केंद्र बनवाने के लिए ऑन लाइन और ऑफ लाइन आवेदन नहीं करेगा। नेशनल ऑपन स्कूल का परीक्षा केंद्र सरकारी स्कूल में न बनाए जाने को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा था कि इन आदेशों की दृढता से पालना की जाए।

### लापरवाही के लिए स्वयं होंगे जिम्मेदार

आदेश में स्पष्ट लिखा गया था कि किसी भी प्रकार की देरी और लापरवाही के लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे। इतने कडे शब्दों का इस्तेमाल करके लिखे गए इस पत्र का मदीना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रबंधन ने काफी हलके में लिया है। अधिकारी भले ही यह आदेश देकर निश्चिंत हो गए हों, मगर नेशनल ऑपन स्कूल का सेंटर मदीना में आया तो अधिकारियों के होश उड़ गए। जैसे ही खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल को इस बात की जानकारी मिली तो वे यह सुनकर हैरान रह गई कि मदीना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नवंबर माह में ऑपन स्कूल की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। बीईओ ने कहा है कि वे इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी से इस संबंध में बातचीत करेंगी और पता लगाया जाएगा कि लिखित आदेश देने के बाद भी कैसे ऑपन स्कूल का सेंटर मदीना के सरकारी कन्या स्कूल में बनाया गया है। यह जांच का विषय है और लापरवाही किस स्तर पर हुई है, इस बात की जांच की जाएगी।

### यह है आदेश

- महम खंड से कोई भी राजकीय विद्यालय मुखिया अपने विद्यालय को एनआईओएस कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा केंद्र बनवाने के लिए ऑन लाइन और ऑफ लाइन आवेदन नहीं करेगा

## पुस्तकालय विद्यार्थियों, शोधार्थियों के लिए ज्ञान का भंडार: सतीश मालिक

# महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने हासिल की वैश्विक शोध उत्कृष्टता, दी बधाई

- *विवेकानंद पुस्तकालय डिजिटल सेवाएं और ई-लर्निंग की ओर बढ़ा*
- *शिक्षा की उत्कृष्ट गुणवत्ता को दर्शाती है यहां शिक्षा*

कुलपति ने कहा, यह उपलब्धि सभी अध्यापकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। विश्वविद्यालय अब उच्च गुणवत्ता वाले अंतरविषयी शोध, नवाचार और वैश्विक सहयोग को और प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्य कर रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने शोध के क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। विश्वविद्यालय ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय का फील्ड वेटेड साइटेशन इम्पैक्ट (एफडब्ल्यूसीआई) पिछले दस वर्षों में 2015 में 0.66 से बढ़कर वर्ष 2024 में प्रभावशाली 2 तक पहुंच गया है। एफडब्ल्यूसीआई का यह आंकड़ा स्पष्ट करता है कि एमडीयू के शोध प्रकाशनों को विश्व औसत की तुलना में दोगुनी बार साईट किया जा रहा है, जो विश्वविद्यालय के शोध की उत्कृष्ट गुणवत्ता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी पहचान को दर्शाता है। विश्वविद्यालय की बढ़ती शोध प्रतिष्ठा का प्रमाण इसके लगातार बढ़ते उद्धरण (साईटेशन) भी हैं-2015 से 2024 के बीच 1,46,000 से अधिक उद्धरण और 7,300 से अधिक शोध दस्तावेजों का प्रकाशन इस उपलब्धि को और भी सशक्त बनाता है। एफडब्ल्यूसीआई किसी भी विश्वविद्यालय या संस्थान के शोध प्रभाव को मापने का एक महत्वपूर्ण पैमाना है, जो विभिन्न विषयों और समय के अनुसार सामान्यीकृत किया जाता है। 1 से अधिक का स्कोर औसत से बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है, और एमडीयू का 2 का स्कोर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी उच्च शोध प्रतिष्ठा को प्रमाणित करता है।






**रोहतक।** विद्यार्थियों को संबोधित करते होटल एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान के निदेशक प्रो. आशीष दहिया। फोटो: हरिभूमि

### 2024 में भी मिला पुरस्कार

शिवविद्यालय के विवेकानंद पुस्तकालय को भारतीय पुस्तकालय संघ द्वारा "डॉ. एल. एम. पाध्या सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय पुस्तकालय पुरस्कार 2024" से सम्मानित किया गया था। एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विश्वविद्यालय समुदाय को बधाई देते हुए कहा "हमारी शैक्षणिक और शोध उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता न केवल हमारे अंतरराष्ट्रीय शोध उद्धरणों में परिलक्षित होती है, बल्कि विवेकानंद पुस्तकालय जैसी विश्वस्तरीय सुविधाओं और डिजिटल संसाधनों में भी झलकती है। हम निरंतर एक सशक्त पठन संस्कृति, डिजिटल साक्षरता और ज्ञान-साझाकरण को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत हैं।

### एमडीयू में प्री-दिवाली समारोह का भव्य आयोजन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के डिसएबिलिटी स्टडीज केंद्र में आज प्री-दिवाली समारोह बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केंद्र के चीफ कंसल्टेंट प्रो. राधेश्याम, निदेशक प्रो. प्रतिमा देवी, अतिरिक्त निदेशक प्रो. योगेन्द्र सिंह और होटल एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान के निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने दीपावली के सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. राधेश्याम ने कहा कि दीपावली अंधकार से प्रकाश और नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर बढ़ने का प्रतीक है। प्रो. प्रतिमा देवी ने छात्रों से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखने का आग्रह किया। प्रो. योगेन्द्र सिंह ने भाईचारे और समावेशिता पर जोर दिया, जबकि प्रो. आशीष दहिया ने आतिथ्य और सद्भाव के मूल्यों को रेखांकित किया। समारोह में केंद्र के अध्यापक रामनाथ, नीतेश, अनुराग, रागिनी, रुपेश और मनजीत उपस्थित रहे। विद्यार्थियों, अध्यापकों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और मिठाइयां बांटीं। इस आयोजन ने न केवल उत्सवी माहौल बनाया, बल्कि भारतीय संस्कृति के प्रेम, सौहार्द और एकता के मूल्यों को भी मजबूत किया।

## न्यूज डायरी



### एचडी पब्लिक स्कूल निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**रोहतक।** बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में "टाटा बिल्डिंग इंडिया" के तत्वावधान में अंग्रेजी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय था आत्मनिर्भर भारत, जिसने विद्यार्थियों के बीच देशप्रेम, सृजनात्मक सोच और आत्मनिर्भरता की भावना को जागृत किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक न केवल अपने विचार प्रस्तुत किए, बल्कि उन्होंने यह भी बताया कि कैसे युवा पीढ़ी भारत को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान कर सकती है।



### विकसित भारत बिल्डाथॉन का लाइव प्रसारण

**रोहतक।** स्वामी नित्यानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ब्राह्मणवास में विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025 के तहत एक लाइव प्रसारण का सफल आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को बड़े उत्साह और रुचि के साथ देखा। यह कार्यक्रम स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, अटल इनोवेशन मिशन (नीति आयोग) तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और तकनीकी सोच को प्रोत्साहित करना था, ताकि वे आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें। प्रधानाचार्या नीतिका मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग में तकनीक और नवाचार का ज्ञान प्रत्येक छात्र के लिए अनिवार्य है। प्रबंधक रश्मि देशवाल और उपप्रधानाचार्य अमित कुमार ने भी विद्यार्थियों की सहभागिता और उत्साह की सराहना की।




**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन को सम्मानित करते ट्रस्ट अध्यक्ष सुशील गुप्ता, राजेश सिंहपुरिया, देशराज बंसल व उमा गोयल। फोटो: हरिभूमि

### दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

**रोहतक।** दिल्ली रोड स्थित एसएस बाग में एलपीएस बोसार्ड के सौजन्य से महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट, महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट और जैन सभा के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली मंगल मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवा और एकता का संदेश देने वाला यह आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन एवं संध्या जैन ने शिरकत की।

# आदर्श स्कूल मदीना के विद्यार्थियों ने लगाई प्रदर्शनी

- स्कूल के डायरेक्टर मनविजय ने कहा अभिभावक विद्यालय गतिविधियों से जुड़े रहते हैं तो और भी बेहतर परिणाम आते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में विद्यार्थियों ने एक प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने के लिए बच्चों के अभिभावक पहुंचे। विद्यार्थियों ने बहुत ही सुंदर व आकर्षक और शिक्षाप्रद मॉडल बनाए। स्कूल के डायरेक्टर मनविजय ने कहा कि यदि बच्चों के अभिभावक विद्यालय में चलाई जा रही गतिविधियों में रूचि लेते हैं और फीड बैक लेते रहते हैं तो बच्चों की प्रगति में और भी बेहतर परिणाम सामने आते हैं। अभिभावकों की भागदारी भी उतनी ही जरूरी है, जितनी रूचि शिक्षक बच्चों में लेते हैं। प्रदर्शनी के बाद अभिभावकों को उनके बच्चों की पढ़ाई, व्यवहार और स्कूल में प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों की खूबियों और सुधार के क्षेत्रों पर खुलकर चर्चा की। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी मेहनत और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने विज्ञान, गणित, हिन्दी, संस्कृत और कंप्यूटर जैसे विषयों पर आकर्षक मॉडल बनाए।



महम। प्रदर्शनी का अवलोकन करते आदर्श स्कूल मदीना के डायरेक्टर मनविजय।



**महम।** निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते बच्चों के अभिभावक।

### विद्यार्थियों के सुंदर मॉडल्स को सराहा

हर विद्यार्थी ने अपने मॉडल को आत्मविश्वास से समझाया और सबका ध्यान खींचा। विद्यालय परिसर में नर्सिंग टीम द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में अभिभावकों के बीपी, शुगर और वजन की जांच की गई, जिससे सभी में स्वास्थ्य के प्रति सजगता का संदेश गया। इस अवसर पर अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम भी घोषित किए गए, जिनमें कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू लता और उप प्रधानाचार्य अंशु हुड्डा ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी और उन्हें आगे भी मेहनत और उत्साह के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों की मेहनत और प्रस्तुति की खूब सराहना की। यह आयोजन बच्चों के लिए सीखने, आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर साबित हुआ।

### वैश्य कालेज में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में पारंपरिक कला और भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेहंदी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं के प्रति रुचि जागृत करना और मेहंदी कला जैसी पारंपरिक विधा को सहेजना था, जो हमारे त्योहारों और सामाजिक आयोजनों का एक अहम हिस्सा है।



### -पुलिस का साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान जारी

**रोहतक।** पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत जिले के स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने का अभियान जारी रखा। इस अभियान के तहत थाना महम, शिवाजी कॉलोनी, सिविल लाइन, सदर और शहर रोहतक की टीमों ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के तरीकों के बारे में बताया। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, महम:थाना महम की टीम ने छात्रों को समझाया कि कैसे साइबर अपराधी ऑनलाइन अटैक कर लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं, और इनके मानसिक, आर्थिक और सामाजिक प्रभाव क्या हो सकते हैं। आर्यन ग्लोबल स्कूल: थाना शिवाजी कॉलोनी की टीम ने छात्रों को बताया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नं. 1930पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

**सूचना**

मैं, राहुल पुत्र संदीप निवासी गांव रविदास मंदिर, जिला गुरुग्राम (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा लाइसेंस नं. 243/DMK/DM/2018 गुम हो गया था। अगर मेरे लाइसेंस की प्रतिकृति मिल जाती है तो मैं उसका दुरुपयोग नहीं करूंगा।

## मलयालम फिल्म निर्माता जी. सुरेश कुमार ने किया विवि का दौरा

# डीएलसी सुपवा ने बढ़ाया वैश्विक संबंधों की तरफ कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

संयुक्त अरब अमीरात विश्वविद्यालय (यूएईयू) के पूर्व कुलपति प्रो. गालिब अलहद्रामी, प्रसिद्ध मलयालम अभिनेता और निर्माता जी. सुरेश कुमार ने सोमवार को दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) के कुलपति डॉ. अमित आर्य से मुलाकात की और शैक्षणिक एवं रचनात्मक सहयोग के अवसरों को तलाशा।दोनों की यह यात्रा यूएई में एक फिल्म और टेलीविजन कॉलेज की स्थापना के लिए खोजपूर्ण चर्चाओं के एक भाग के रूप में हुई है, जहां फिल्म शिक्षा में डीएलसी सुपवा की विशेषज्ञता और संस्थागत अनुभव एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।मलयालम सिनेमा के एक प्रतिष्ठित नाम, जी. सुरेश ने 1978 की फीचर फिल्म थिरानोत्तम में सहायक निर्देशक के रूप में अपना करियर शुरू किया और 30 से अधिक मलयालम फिल्मों का निर्माण और 28 फीचर फिल्मों में अभिनय किया। सुपवा परिसर में उनकी यात्रा गर्मजोशी भरी बातचीत, ज्ञानवर्धक आदान-प्रदान और फिल्म एवं टेलीविजन संकाय के प्रशिक्षण अध्यापन में उनकी गहरी रुचि से चिह्नित थी।



**रोहतक।** संयुक्त अरब अमीरात विश्वविद्यालय (यूएईयू) के पूर्व कुलपति प्रो. गालिब अलहद्रामी को सम्मानित करते कुलपति डॉ. अमित आर्य।

### विद्यार्थियों को क्षेत्रीय सिनेमा का महत्व बताया

फिल्म एवं टीवी विभाग के छात्रों के साथ बातचीत करते हुए, जी. सुरेश ने उन्हें वैश्विक रूप से सोचते हुए क्षेत्रीय और स्थानीय कथाओं में निहित रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, "क्षेत्रीय सिनेमा की अपनी एक आत्मा होती है। इसमें हमारे लोगों की कहानियाँ, बोलियां और सपने समाहित होते हैं। मैं इस बात से बेहद प्रभावित हूं कि कैसे सुपवा रचनात्मक संवेदनशीलता और तकनीकी सटीकता, दोनों के साथ युवा फिल्म निर्माताओं को पोषित कर रहा है। यह संस्थान वास्तव में भारतीय सिनेमा के भविष्य को दर्शाता है।

### कुलपति ने किया अतिथियों का स्वागत

कुलपति डॉ. अमित आर्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी पर प्रकाश डाला।"सुपवा को वैश्विक शैक्षणिक हस्तियों और रचनात्मक, दूरदर्शी लोगों द्वारा मान्यता प्राप्त होने पर गर्व है। यह यात्रा शिक्षा, संस्कृति और रचनात्मक उद्यम को मिलाने वाले अंतरराष्ट्रीय सहयोग के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस यात्रा का समापन छात्रों के साथ एक अनौपचारिक बातचीत सत्र के साथ हुआ। प्रो. गालेब और जी. सुरेश कुमार दोनों ने आशा व्यक्त की कि यह सहयोग जल्द ही एक औपचारिक साझेदारी में तब्दील हो जाएगा जो भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच अंतर-सांस्कृतिक शिक्षा और सिनेमाई सहयोग को बढ़ावा देगा।

# बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षांत समारोह कल

**रोहतक।** बीएमयू में 15 अक्टूबर को चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न संकायों से स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में विशेष रूप से वे विद्यार्थी भी शामिल होंगे जिन्होंने अपने-अपने संकाय में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी भी उपस्थित रहेंगे। डॉ. विनोद कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह दीक्षांत समारोह उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है जिन्होंने शैक्षणिक वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में अपनी पढ़ाई पूरी की है। यह आयोजन विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मान देने के साथ-साथ उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देगा।

**सार्वजनिक सूचना**

खण्ड लाखनमाजरा की ग्राम पंचायत, टिटौली में तीन व इन्द्रगढ में दो सफाई कर्मी सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय पर लगाये जाने हैं। जिनके लिए आवेदन पत्र दिनांक 15/10/2025 से 23/10/2025 तक सादे कागज पर खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, लाखनमाजरा के कार्यालय व ग्राम पंचायत के पास जमा करवाये जा सकते हैं। चयन हेतु साक्षात्कार 27/10/2025 को खण्ड कार्यालय में प्रातः 11-00 बजे होगा। इसके लिए अलग से सूचना एवं पत्र नहीं भेजे जायेगें।

खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी,
लाखनमाजरा

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**

- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Gate Keeper 2
- Computer Operator (Male) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel.:- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

ब्राजील के प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. स्वेतोस्लाव टोडोरोव कर रहे संचालन

# एमडीयू कुलपति ने किया अंतरराष्ट्रीय ज्ञान कोर्स का शुभारंभ

**प्रोबायोटिक्स और उनके औद्योगिक अनुप्रयोगों पर सप्ताह भर का कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अंतरराष्ट्रीय सहयोग शिक्षा और अनुसंधान की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। यह विचार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने स्वराज सदन में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क्स (ज्ञान) का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। यह सात दिवसीय कोर्स 18 अक्टूबर तक चलेगा। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे कोर्स विद्यार्थियों और शोधार्थियों को वैश्विक ज्ञान और अनुभव प्रदान करते हैं। कुलपति ने यूनिवर्सिटी ऑफ साओ पाउलो के प्रोफेसर प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. स्वेतोस्लाव टोडोरोव का स्वागत करते हुए कहा कि उनके अनुभव से विश्वविद्यालय समुदाय को महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने एमडीयू में आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए ज्ञान कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो एस के तिवारी और उनकी टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कोर्स प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव के साथ-साथ वैश्विक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़ेगा।

**जैव-प्रौद्योगिकी और प्रोबायोटिक्स के क्षेत्र में अपार संभावनाएं**

विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. स्वेतोस्लाव टोडोरोव, जो प्रोबायोटिक्स और उनके औद्योगिक अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अग्रणी विशेषज्ञ हैं, इस कोर्स का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत जैसे देश में जैव-प्रौद्योगिकी और प्रोबायोटिक्स के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यदि युवा शोधार्थी अनुसंधान और नवाचार की दिशा में सतत प्रयास करें, तो वे वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रोबायोटिक्स न केवल खाद्य उद्योग बल्कि पशु स्वास्थ्य, औषधि निर्माण और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते ब्राजील के यूनिवर्सिटी ऑफ साओ पाउलो के प्रोफेसर प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. स्वेतोस्लाव टोडोरोव व कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

**सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया**

कार्यक्रम में आईक्यूएसी निदेशक एवं स्थानीय समन्वयक प्रो. बी. नरसिम्हन ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो. एस. के. तिवारी ने कोर्स की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। प्रो. मीनाक्षी वशिष्ठ ने जीवन विज्ञान संकाय की गतिविधियों का परिचय कराया, जबकि प्रो. हरीश दुरेजा ने विश्वविद्यालय की अनुसंधान उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक ने विद्यार्थियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय शिक्षकों और शोधकर्ताओं के साथ संवाद से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुसंधान क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रो. एस. के. तिवारी ने किया। छात्र दिव्या ने मंच संचालन किया।

**43 प्रतिभागियों ने लिया भाग**

उद्घाटन दिवस पर प्रो. टोडोरोव ने पूर्वाह्न सत्र में दो व्याख्यान दिए तथा अपराह्न में प्रायोगिक सत्र का संचालन किया। कुल 43 प्रतिभागियों ने इस कोर्स में भाग लिया। ब्राजील के यूनिवर्सिटी ऑफ साओ पाउलो के प्रो. स्वेतोस्लाव टोडोरोव, जो प्रोबायोटिक्स और उनके औद्योगिक अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अग्रणी विशेषज्ञ हैं, इस कोर्स का संचालन कर रहे हैं। इस कोर्स के अंतर्गत वे 12 व्याख्यान, ट्यूटोरियल्स और प्रायोगिक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रोबायोटिक्स के पृथक्करण, पहचान, गुणधर्म और उनके मानव एवं पशु स्वास्थ्य में उपयोगों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

## खबर संक्षेप



### अभिषेक व दिव्या ने जीता पुरस्कार

**सांपला।** खंड के गांव कसरेटी में स्थित टाइम्स इंटरनेशनल स्कूल के विधार्थी दिव्या और अभिषेक ने पुरस्कार जीता है। सोमवार को दोनों विधार्थियों को स्कूल की तरह से डायरेक्टर नरेंद्र कुमार और प्राचार्य संगीता तोमर ने भी सम्मानित किया। बताया गया कि नैतिक शिक्षा संस्कार समिति सोनीपत द्वारा गुरु संस्कार प्रतियोगिता कराई गई थी। जिसमें दोनों विधार्थियों ने भाग लिया था और गुरु संस्कार रत्न पुरस्कार हासिल किया।



### पोषण आहार के बारे में किया जागरूक

**सांपला।** सोमवार को खंड के गांव खरावड़ खरावड़ राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्रों को पोषण आहार के बारे में जागरूक किया गया। छात्राओं को खान-पान संबंधी जानकारी दी गई। डाक्टर दीक्षा ने पोषण आहार की आवश्यकता के बारे में विस्तार से कहा कि कुपोषण से बचने के लिए पोषण आहार ही सबसे सस्ता एवं बेहतर उपाय है। डॉक्टर ने पोषण माह के बारे में छात्राओं को उदाहरण देकर समझाया कि किसी देश का भविष्य उस देश के बच्चे होते हैं, देश का विकास स्वस्थ नागरिकों के ऊपर निर्भर करता है। उन्होंने बच्चों को पोषण आहार के लिए शपथ भी दिलवाई। प्राचार्य विना ने भी जानकारी दी।

उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया अहोई अष्टमी पर्व

# माताओं ने निर्जला व्रत रखा बच्चों की मंगलकामना की

*महिलाओं ने बुजुर्गों से आशीर्वाद लेने के लिए सूट मिठाई और फल भेंट किए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में सोमवार को अहोई अष्टमी का पर्व भव्य और उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया गया। यह व्रत माताओं द्वारा अपने बच्चों की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और उनकी सुरक्षा के लिए रखा जाता है। जिले के विभिन्न हिस्सों में माताओं ने निर्जला व्रत रखा और दोपहर बाद अहोई माता की कथा सुनकर अपने बच्चों की मंगलकामना की।

### श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

शहर की महिलाओं ने बुजुर्गों से आशीर्वाद लेने के लिए सूट, मिठाई और फल भेंट किए। शाम को तारों को अघ्र्य देकर व्रत खोलने की परंपरा निभाई गई। महिला रानी सुनीता ने बताया कि पूर्वजों के समय से माताएं अपने बच्चों की लंबी आयु और संतान की खुशहाली के लिए अहोई अष्टमी का व्रत करती रही हैं। दोपहर को कथा सुनकर व्रत का पालन किया जाता है और रात में तारे देखने के बाद व्रत खोला जाता है।

*▸▸ महिला रानी सुनीता ने बताया कि पूर्वजों के समय से माताएं अपने बच्चों की लंबी आयु और संतान की खुशहाली के लिए अहोई अष्टमी का व्रत करती रही हैं। दोपहर को कथा सुनकर व्रत का पालन किया जाता है और रात में तारे देखने के बाद व्रत खोला जाता है।*



रोहतक। माता दरवाजा के पास अहोई माता का व्रत पूजा-अर्चना करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। अम्बेडकर कॉलोनी में अहोई माता का व्रत पूजा-अर्चना करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### पंडित संदीप झा ने दिया ज्ञानवर्धक संदेश

पंडित संदीप झा ने कहा कि मां एक है, लेकिन उनके स्वरूप अनेक हैं। अहोई माता के रूप में नव दुर्गा, दस महाविद्या, अन्नपूर्णा, जगद्धात्री, कात्यायनी, ललिताम्बा सहित अनेक देवी रूपों का समावेश है। उन्होंने ने बताया कि अहोई माता अनहोनी को होनी करने में समर्थ हैं और यही कारण है कि उन्हें अहोई कहा गया।

### दीर्घायु और खुशहाली की

*पंडित संदीप झा ने बताया कि जो माताएं कार्तिक कृष्ण अष्टमी को अहोई माता का व्रत श्रद्धा और भक्ति के साथ करती हैं, उन्हें माता अपने आशीर्वाद से दीर्घायु, यशस्वी संतान और अन्न-धन की सम्पन्नता प्रदान करती हैं। अहोई माता की पूजा परिवार और समाज में बच्चों की सुरक्षा और माता-पिता की चिंता को जोड़ने का सशक्त माध्यम है।*

### पूजा का विशेष महत्व

*व्रत का मुख्य आकर्षण अहोई माता की कथा है। माताएं ध्यानपूर्वक कथा सुनती हैं, जिसमें अहोई माता की लीलाओं और चमत्कारों का वर्णन होता है। कथा सुनने के बाद महिलाएं अहोई माता की पूजा-अर्चना करती हैं और माता की प्रतिमा के सामने दीपक जलाकर आरती उतारती हैं। तत्पश्चात तारों को अघ्र्य देते हुए व्रत खोलने की परंपरा निभाई जाती है।*

### भजन-संकीर्तन का आयोजन

*इस अवसर पर भजन और संकीर्तन का आयोजन भी किया गया। महिलाओं ने पारंपरिक गीत और भजन गाकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। माता की पूजा में प्रयोग होने वाले विशेष मंडप को सजाया गया था, जिसमें अहोई माता की प्रतिमा स्थापित थी। इस आयोजन में मातृभक्ति और पारंपरिक रीति-रिवाजों का अद्भुत मेल देखने को मिला।*

### सामाजिक और धार्मिक संदेश

*श्रद्धालुओं ने बताया कि अहोई माता का व्रत बच्चों के कल्याण, उनके स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। माताएं पूरे दिन निर्जला रहती हैं और बच्चों की सफलता एवं खुशहाली की कामना करती हैं। व्रत माताओं की भक्ति, परिवार में सौहार्द और समाज में धार्मिक भावनाओं को जोड़ने का प्रतीक बनकर उभरता है।*

### डेरा बाबा लक्ष्मण पुरी में अहोई अष्टमी का भव्य आयोजन

डेरा बाबा लक्ष्मण पुरी में अहोई अष्टमी का त्योहार बड़ी धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और माताओं ने अपनी संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और जीवन की रक्षा के लिए व्रत रखा। अहोई अष्टमी का व्रत विशेष रूप से पुत्रों की खुशहाली और कल्याण के लिए किया जाता है। इस दिन माताएं देवी पार्वती के अहोई देवी स्वरूप की पूजा करती हैं और अपने बच्चों की जीवन में सुख, समृद्धि एवं स्वास्थ्य की कामना करती हैं। पूजन के दौरान महिलाएं व्रत कथा सुनतीं और अहोई माता को विभिन्न प्रकार के नैवेद्य अर्पित करतीं। बच्चों की सुरक्षा और उनके उज्जवल भविष्य की कामना के लिए किए गए इस व्रत में धार्मिक रस्मों और भजन-कीर्तन के माध्यम से माहौल भक्तिपूर्ण बना रहा।



रोहतक। प्रसाद वितरण करते बाबा कपिल पुरी महाराज।



### द आर्यन ग्लोबल स्कूल में हुई साइबर सेफ्टी कार्यशाला

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में पुलिस थाना शिवाजी कॉलोनी के सौजन्य से साइबर सेफ्टी और नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और शिक्षाप्रद रही, जिसमें डिजिटल सुरक्षा और नशा मुक्ति के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला का आयोजन एडिशनल एसएचओ नरेश कुमा, सीनियर इंस्पेक्टर पुनीत, हेड कांस्टेबल दिनेश और कुरे कादयान की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने और ऑनलाइन खतरों से बचने के उपायों के प्रति जागरूक करना था। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को बताया कि आज के तकनीकी युग में इंटरनेट का उपयोग सावधानीपूर्वक करना आवश्यक है। पुलिस अधिकारियों ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान पर विस्तार से प्रकाश डाला और छात्रों से जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने की अपील की। विद्यालय के प्राचार्य आरके खन्ना ने पुलिस अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सही दिशा में मार्गदर्शन देते हैं।



### परिवार मिलन समारोह मनाया

**रोहतक।** दीपावली के पावन अवसर पर भारत विकास परिषद युवा शाखा द्वारा एक भव्य परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन उमंग, उत्साह और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर सामने आया। कार्यक्रम में समाजसेवा, सांस्कृतिक मूल्यों और पारिवारिक जुड़ाव की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पठानिया पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अंशुल पठानिया रहे। उन्होंने कहा कि "युवा ही देश की असली ताकत हैं और यदि वे समाज सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ें तो राष्ट्र का भविष्य और उज्जवल बनेगा।" विशिष्ट अतिथि सुमित खनकवाल ने युवाओं को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में युवा शाखा को डॉ. एसएल वर्मा, डॉ. आरके चौधरी, डॉ. सुनील मुंजाल, आरके सचदेवा और डॉ. सतीश गुलाटी युवाओं को सेवा और संस्कार की राह पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसके पश्चात शाखा की सचिव रेनु खटोर ने कुशल संचालन किया। बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं प्रस्तुत कीं, जिनसे कार्यक्रम स्थल तालियों की गूंज से भर गया। शाखा अध्यक्ष अमित मित्तल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

### वेश्यावृत्ति के आरोपियों से बरामद हुए 22560 रुपये कैश

**रोहतक।** पुलिस ने आर्य नगर क्षेत्र में स्थित एक होटल पर छापेमारी कर वेश्यावृत्ति का अवैध धंधा बंद कराया। इस कार्रवाई में पुलिस ने 4 महिलाओं और 4 युवकों को काबू किया और मौके से 22,560 रुपये बरामद किए। सूचना मिलने पर सहायक पुलिस अधीक्षक प्रतीक अग्रवाल के निर्देश पर प्रभारी थाना आर्य नगर बिजेन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। होटल के पास टीम ने फर्जी ग्राहक बनाकर प्रवेश किया और महिला निरीक्षक सुदेश की देखरेख में छापेमारी की गई। पुलिस ने बताया कि होटल में अवैध गतिविधियां चल रही थीं और इसके संचालकों के खिलाफ अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से चारों युवकों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। पुलिस का कहना है कि ऐसे अवैध धंधों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जा रही है और आमजन से अपील की गई है कि अगर किसी को इस प्रकार की गतिविधियां दिखाई दें तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20



### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के छात्रों ने देखा 'विकसित भारत बिल्डथॉन 2025' का लाइव प्रसारण

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने सोमवार को शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित 'विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 का लाइव प्रसारण देखा। यह आयोजन अटल नवाचार मिशन और नीति आयोग के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य देश के युवाओं में नवाचार, तकनीकी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करना है। विद्यार्थियों ने अपने कक्षा अध्यापकों के मार्गदर्शन में पूरे उत्साह और एकाग्रता के साथ इस प्रसारण को देखा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भारत सरकार की इस अभिनव पहल के उद्देश्यों, लाभों और नवाचार योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सकारात्मक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों में उत्साह, नवप्रेरणा और देशभक्ति की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या मशेंका, सभी कक्षा अध्यापक और शिक्षण स्टाफ इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### एनसीसी सर्टिफिकेट का वितरण समारोह आयोजित

**रोहतक।** गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल सांघी में एनसीसी के 2 वर्ष की ट्रेनिंग के पश्चात प्रथम बैच को सर्टिफिकेट का वितरण समारोह आयोजित किया गया व बड़े हर्ष का विषय है कि 16 लड़कियों को ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर विनय भाटिया, सुनील खत्री, राकेश,दिनेश ,संगीत प्रवक्ता नैना,ओमपाल डीपीई व एनसीसी की इंचार्ज शशि बाला मुख्य रूप से उपस्थित रही इस मौके पर समस्त स्टाफ ने एनसीसी कैडेट को आशीर्वाद व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# फार्माकोलोजी विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति कौशल को मिला लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड

■ कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष तथा फार्मास्यूटिकल साइंसेज फैकल्टी की डीन डॉ. ज्योति कौशल को गोवा में आयोजित गोआकॉन 2025 सम्मेलन में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया है। डॉ. कौशल की इस उपलब्धि पर कुलगुरू डॉ. एचके अग्रवाल ने बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय मंच पर ये प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करना पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है, जो संस्थान की अकादमिक उत्कृष्टता और पेशेवर विशिष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

गौरतलब है कि डॉ. ज्योति कौशल एक प्रतिष्ठित फार्माकोलॉजिस्ट और शोधकर्ता हैं, उनका 34 वर्षों से अधिक का असाधारण करियर रहा है, जिसमें पथप्रदर्शक अनुसंधान, समर्पित शिक्षण और फार्माकोलॉजी विज्ञान में अद्वितीय नेतृत्व शामिल है। सम्मेलन में यह उजागर किया गया कि डॉ. ज्योति कौशल को विभिन्न अवसरों पर चार बार बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में फार्माकोलॉजी विभाग ने नए अकादमिक और शोध की ऊंचाइयों को छुआ है।



### डॉ. राकेश मित्तल को ई-पोस्टर में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया

डॉ. ज्योति कौशल ने बताया कि डॉ. राकेश मित्तल द्वारा ई-पोस्टर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, जिसमें उन्होंने अपनी रिसर्च प्रस्तुत की थी, जिसे प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। डॉ. राकेश मित्तल ने अपनी रिसर्च में पाया था कि हार्ट फेल्योर के उपचार हेतु नई दवाई आई है, इस दवाई का मरीजों पर क्या असर हो रहा है और यह दवाई मरीजों की जान बचाने में कितनी प्रभावशाली है। डॉ. ज्योति ने बताया कि डॉ. हिमानी देशवाल को ई पोस्टर में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस पोस्टर में उन्होंने अपनी रिसर्च के माध्यम से बताया था कि एमबीबीएस विद्यार्थी नशीली दवाओं का सेवन क्यों करते हैं। डॉ. हिमानी देशवाल ने अपनी इस रिसर्च के दौरान पाया कि अक्सर विद्यार्थी अपने दोस्तों के दबाव और तनाव में आकर नशे की तरफ बढ़ते हैं जो फिर उनकी आदत में शुमार हो जाता है। डॉ. राकेश मित्तल ने बताया कि उन्हें व डॉ. हिमानी देशवाल को मिले अवार्ड का श्रेय भी डॉ. ज्योति कौशल को जाता है, जिनके नेतृत्व में उन्होंने यह रिसर्च की थीं। डॉ. ज्योति कौशल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों को प्राप्त करना पंडित बीडी शर्मा पीजीआईएमएस रोहतक के लिए बहुत गर्व और प्रतिष्ठा की बात है, जो शैक्षणिक और व्यावसायिक विशिष्टता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।